रजिस्ट्री सं. डी.—(डी. एन.)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 49] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 7, 1985 (अग्रहायण 16, 1907)

No. 49] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 7, 1985 (AGRAHAYANA 16, 1907)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं . . .	863
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं .	1493
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं .	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1567
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . . .	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) .	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . .	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं) .	*
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	40193
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस . . .	943
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं . .	
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2126
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	195
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGES
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	863
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	1493
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1567
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) on General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	40193
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta	843
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners ..	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies ..	2125
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	195
PART V—Supplement showing statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folios Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 नवम्बर 1985

सं० 120-प्रेज/85—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक का भार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री अजय राज शर्मा,
पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक,
आगरा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

8 मई, 1982, को श्री अजय राज, पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक, आगरा, को बाह में पड़ाव के समय चम्बल की तंग घाटी के गांव भगवानपुरा, थाना खेड़ा राठौर, आगरा, में जगतपाल सिंह कुशवाहा उर्फ जगता काछी के गिरोह के बारे में दो अपहृत व्यक्तियों के साथ उपस्थित होने की सूचना मिली। श्री शर्मा ने तुरन्त उपलब्ध पी० ए० सी०/पुलिस बल के साथ कार्यवाही शुरु करने की योजना बनाई। उन्होंने बल को पांच टुकड़ियों में बांटा तथा चार पुलिस दलों को डाकुओं के बचकर भागने के संभावित रास्तों को रोकने के लिए तैनात किया। पी० ए० सी०, आगरा, की 15वीं बटालियन की एस० एल० आर०, कम्पनी सहित मुख्य दल को गांव भगवानपुरा से कन्जरा घाट रोड के क्षेत्र में छानबीन करने के लिए तैनात किया गया। श्री शर्मा ने इस दल का नेतृत्व स्वयं किया।

जब छानबीन करने वाला दल लगभग एक किलोमीटर बढ़ा, तो घाटी के ऊपर खड़े डाकुओं के गिरोह के सन्तरी ने पुलिस पार्टी को देखा और गिरोह को सूचित कर दिया। गिरोह ने कन्जरा घाट रोड की ओर बचकर भागने की कोशिश की परन्तु अवरोधक दल द्वारा पीछे धकेल दिया गया। पीछे की ओर हटते हुए गिरोह का छानबीन करने वाले दल से आमना-सामना हुआ और श्री शर्मा ने डाकुओं को आत्म-समर्पण करने के लिए कहा। गिरोह ने, इसके बजाय गोली चलाना शुरु कर दिया तथा पुलिस ने आत्म रक्षा में गोली का जवाब गोली से दिया। क्योंकि गोलीबारी कारगर नहीं हो रही थी, इसलिए श्री शर्मा ने प्लाटून कमाण्डर चन्द्र प्रकाश पाठक को आगे बढ़ने और डाकुओं को उखाड़ने के लिए दो ग्रेनेट फैंकने के लिए कहा, परन्तु इसका कोई परिणाम नहीं निकला। क्योंकि डाकू घाटी की आड़ में सुरक्षित लिये थे। उन्होंने उप निरीक्षक नरेश पाल यादव को डाकुओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ सिपाहियों को लेने और घाटी के पास ही मोर्चा सम्भालने के लिए कहा ताकि गिरोह को गोलीबारी में व्यस्त रखा जा सके। गोलियों की आड़ में, श्री शर्मा, निरीक्षक प्रमेन्द्र सिंह तथा प्लाटून कमाण्डर पाठक सहित कुछ पुलिस कार्मिकों को लेकर घाटी में नीचे गये जिससे कि गिरोह के बिल्कुल पास स्थिति सम्भाल सकें। गिरोह ने पुलिस बल के नजदीक आने तथा उनकी ओर बढ़ने का आभास होने पर पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी की। अपनी जान को भारी खतरे में डालकर श्री शर्मा घाटी के किनारे पर पहुंचे जहां से वे गुफाओं में जिनमें गिरोह के कुछ व्यक्ति छिपे थे गोली चला सकें। गोलीबारी के दौरान 4 डाकू मुख्यतः जगतपाल सिंह कुशवाहा, बाबू राम, रामलखन अहीर तथा भूरा मल्लाह मौत के घाट उतार दिए गए।

अपहृतों में से एक लड़के को डाकू ने मार डाला तथा दूसरे को पुलिस ने बचा लिया क्योंकि क्षेत्र पुलिस द्वारा पूरी तरह से घेरा हुआ था इसलिए शेष चार डाकू भी दो भिन्न-भिन्न पुलिस दलों द्वारा मार डाले गए। इस प्रकार कुख्यात डाकू जगत काछी का सारा गिरोह समाप्त कर दिया गया। मृत डाकुओं से एक 20 स्प्रिंग फील्ड राईफल-स्वचालित राइफल, दो फैक्टरी मेड एस० बी० बी० एल० 12 बोर की बन्दूकें, एक देसी .303 राइफल, 32 बुलेटस, 36 कारतूस, 88 खाली, एक चार्जर केस तथा अन्य सामान बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री अजय राज शर्मा, पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह राष्ट्रपति का पुलिस पदक का भार राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 मई, 1982, से दिया जाएगा।

सं० 121-प्रेज/85—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री आर० के० तिवारी,
पुलिस अधीक्षक,
आगरा।

श्री भुदल सिंह, (मरणोपरान्त)
पुलिस उप अधीक्षक,
आगरा।

श्री परमेन्द्र सिंह,
पुलिस निरीक्षक,
आगरा।

श्री नरेशपाल यादव,
पुलिस उप निरीक्षक,
थाना बाह,
आगरा।

श्री जगवीर सिंह,
पुलिस उप निरीक्षक,
आगरा।

श्री चन्द्र प्रकाश पाठक,
प्लाटून कमाण्डर,
XV/बटालियन,
पी० ए० सी०,
आगरा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

8 मई, 1982, को पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक, आगरा, को वाह में पड़ाव के समय चम्बल की तंग घाटी के गांव भगवानपुरा, थाना खेड़ा राठौर, आगरा, में जगतपाल सिंह कुशवाहा उर्फ जगता काछी के गिरोह की दो अपहृत व्यक्तियों के साथ उपस्थिति की सूचना मिली। पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक ने तुरन्त सशस्त्र पी० ए० सी०/पुलिस दल के साथ कार्यवाही शुरु करने की योजना बनाई। उन्होंने दल को पांच टुकड़ियों में बांटा और चार पुलिस दलों को डाकुओं के बचकर भागने के सम्भावित रास्तों को रोकने के लिए तैनात किया। अवरोधक दलों में से एक दल का नेतृत्व श्री भूदल सिंह, पुलिस उप अधीक्षक ने किया। पी० ए० सी० आगरा की 15वीं बटालियन की एस० एल० आर० कम्पनी सहित मुख्य दल को गांव भगवानपुरा से कन्जरा घाट रोड के क्षेत्र में खोज करने के लिए तैनात किया गया। इस दल का नेतृत्व स्वयं पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक ने किया और इसे विभिन्न अधिकारियों नामतः श्री आर० के० तिवारी, पुलिस अधीक्षक, श्री परमेन्द्र सिंह, निरीक्षक, श्री चन्द्र प्रकाश पाठक, प्लाटून कमाण्डर, श्री नरेशपाल यादव, उप निरीक्षक तथा श्री जगवीर सिंह, उप निरीक्षक, के अधीन प्लाटून—चार विभाजित किया।

जब छानबीन करने वाला दल लगभग एक किलोमीटर बढ़ा, तो घाटी के ऊपर खड़े डाकू गिरोह के सन्तरी ने पुलिस दल को देख लिया और गिरोह को सूचित कर दिया। गिरोह ने कन्जरा घाट रोड़ की ओर बचकर भागने की कोशिश की परन्तु अवरोधक दल द्वारा पीछे धकेल दिया गया। पीछे की ओर हटते हुए गिरोह का आमना सामना खोजी दल से हो गया जिसका नेतृत्व पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक तथा श्री आर० के० तिवारी, पुलिस अधीक्षक, कर रहे थे। पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक ने डाकुओं को आत्म समर्पण करने के लिए कहा गिरोह ने इसके बजाय गोली चलाना शुरु कर दिया तथा पुलिस ने आत्म रक्षा में गोली का जवाब गोली से दिया। चूंकि गोलीबारी कारगर नहीं हो रही थी, इसलिए पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक ने प्लाटून कमाण्डर चन्द्र प्रकाश पाठक को आगे बढ़ने और डाकुओं को हटाने के लिए दो ग्रेनेट फेंकने को कहा, परन्तु इसका कोई परिणाम नहीं निकला क्योंकि डाकू घाटी की आड़ में सुरक्षित छिपे थे। डाकुओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए उन्होंने उप निरीक्षक यादव को कुछ सिपाहियों को लेने और घाटी के पास ही मोर्चा संभालने के लिए कहा ताकि गिरोह को गोलीबारी में व्यस्त रखा जा सके। गोलीबारी की आड़ में पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक निरीक्षक परमेन्द्र सिंह तथा प्लाटून कमाण्डर पाठक सहित कुछ व्यक्तियों को लेकर घाटी में नीचे गये जिससे कि गिरोह के बिल्कुल पास मोर्चा सम्भाल सकें। गिरोह ने पुलिस के नजदीक आने तथा उनकी ओर बढ़ने का आभास होने पर पुलिस दल पर भारी गोलीबारी की। अपनी जान को भारी खतरे में डालकर, पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक तथा उनके जवान घाटी के किनारे पर पहुंचे जहां से वे गुफाओं में जिनमें गिरोह के कुछ व्यक्ति छिपे थे गोली चला सकें। गोलीबारी के दौरान चार डाकुओं नामतः जगतपाल सिंह कुशवाहा, बाबू राम, रामलखन अहीर तथा भूरा मल्लाह मारे गए।

जैसे ही गोलीबारी रुकी, बचे हुए डाकुओं ने दक्षिण की ओर बचकर भागने की कोशिश की जहां उनका सामना श्री भूदल सिंह, पुलिस उप अधीक्षक, के नेतृत्व वाले अवरोधक दल से हुआ। भारी गोलीबारी के बाद, वे दो डाकुओं नामतः अमीर तथा छोटे ब्राह्मण को मारने में सफल हुए। शेष डाकुओं को पीछे धकेल दिया गया। फिर उन्होंने उत्तर की ओर बचकर भागने की कोशिश की जहां उनका सामना श्री आर० के० तिवारी, पुलिस अधीक्षक, के नेतृत्व वाली दो प्लाटूनों से हुआ। चूंकि गिरोह पहले ही भारी हताहत हो चुका था, इसलिए गिरोह के बचे हुए सदस्यों ने भारी गोलीबारी में से भाग निकलने की निष्फल कोशिश की। श्री तिवारी ने अपने मजबूत मोर्चे का पूरा लाभ उठाया तथा बचे हुए दोनों डाकुओं नामतः शत्रुघ्न ठाकुर तथा धनराज ठाकुर को मौत के घाट उतारने में सफल हुए। इस प्रकार डाकू जगता काछी के पूरे गिरोह का सफाया कर दिया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री आर० के० तिवारी, पुलिस अधीक्षक, श्री भूदल सिंह, पुलिस उप अधीक्षक, श्री परमेन्द्र सिंह, निरीक्षक, श्री नरेश पाल यादव, उप निरीक्षक, श्री जगवीर सिंह, उप निरीक्षक तथा श्री चन्द्र प्रकाश पाठक, प्लाटून कमाण्डर, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्च-कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 मई, 1982, से दिया जाएगा।

मु० नीलकण्ठन, राष्ट्रपति का उप-सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 4 नवम्बर 1985

संकल्प

सं० 8-2/85-आई० जे०एस०सी०—योजना आयोग के दिनांक 1 जून, 1962 के संकल्प संख्या एफ० 13 (39)/62-प्रशासन-1 द्वारा स्थापित भारत और जापान में आर्थिक विकास संबंधी अध्ययन के लिए गठित समिति और 13 जनवरी, 1979 के संख्या 8-2/79-आई० जे० एस० सी० द्वारा भारत-जापान अध्ययन समिति के रूप में नामोद्दिष्ट तथा बाद में योजना आयोग के दिनांक 22 अगस्त, 1985 के संकल्प संख्या 8-2/85-आई० जे० एस० सी० द्वारा पुनर्गठित समिति का निम्न प्रकार से पुनर्गठन किया गया है :

श्री आबिद हुसैन	अध्यक्ष
श्री दिनेश सिंह	सदस्य
प्रोफेसर एस० रामशेषन	सदस्य
श्री पी० एस० देवधर	सदस्य
श्री ध्रुव साहनी	सदस्य
डा० पी० सी० जोशी	सदस्य-सचिव

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों, राज्यों के सभी मुख्य मंत्रियों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, प्रधान मंत्री सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति के सैनिक सचिव और विदेश में सभी भारतीय मिशनों के अध्यक्षों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

के० सी० अग्रवाल, निदेशक (प्रशासन)

उद्योग मंत्रालय

औद्योगिक विकास विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 6 नवम्बर 1985

संकल्प

सं० ई० 11015/6/83-हिं० अ०—भारत के राष्ट्रपति द्वारा मंत्रालयों का पुनर्गठन किए जाने के फलस्वरूप उद्योग मंत्रालय के अन्तर्गत अब निम्नलिखित चार विभाग होंगे :—

1. औद्योगिक विकास विभाग,
2. कम्पनी कार्य विभाग,
3. सार्वजनिक उद्यम विभाग; तथा
4. रसायन एवं पेट्रो-रसायन विभाग।

उपर्युक्त पुनर्गठन के अनुसार उद्योग मन्त्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के पुनर्गठन संबंधी समसंख्यक संकल्प दिनांक 27 अप्रैल, 1984 में तदनुसार संशोधन करने का निर्णय किया गया है। समिति का गठन अब निम्न प्रकार होगा :—

1. उद्योग मंत्री — अध्यक्ष
2. उद्योग राज्य मंत्री — उपाध्यक्ष

गैर-सरकारी सदस्य

3. श्री भरत कुमार ओडेदरा,
संसद सदस्य (लोक सभा),
मयूर ओजेश्वर प्लाट,
पोरबन्दर–360575.

4. श्री राम सिंह यादव,
संसद सदस्य (लोक सभा),
14, जनपथ,
नई दिल्ली।

संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिनिधि

5. श्री रामचन्द्र भारद्वाज,
संसद सदस्य (राज्य सभा),
1–ए, सुनहरी बाग रोड़,
नई दिल्ली।

6. (संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नामित किया जाना है)

7. श्री सुधाकर पाण्डेय,
संसद सदस्य (राज्य सभा) तथा
महामंत्री नागरी प्रचारिणी सभा,
वाराणसी।

8. श्री आर० के० मालवीय,
संसद सदस्य (राज्य सभा),
171, नार्थ एवेन्यू,
नई दिल्ली।

9. श्री ओम मेहता,
भूतपूर्व संसद सदस्य,
30, पृथ्वीराज रोड,
नई दिल्ली।

10. श्री वे० राधाकृष्णमूर्ति,
बी–4/एफ–2, उद्योग नगर,
कालोनी, पंजागुटा,
हैदराबाद–500482.

11. डा० राम मनोहर त्रिपाठी,
विधायक,
महाराष्ट्र विधान परिषद,
टाइम्स आफ इंडिया भवन,
पोस्ट बाक्स नं० 213,
बम्बई–400001.

12. श्री विनोद कुमार मिश्र,
सम्पादक,
दैनिक हिन्दुस्तान,
18/20, कस्तूरबा गांधी मार्ग,
नई दिल्ली।

13. श्री अनिल कुमार अग्रवाल,
सम्पादक,
अमर उजाला,
गुरु का ताल, उद्योग नगर,
आगरा।

14. श्री आनन्दस्वरूप जैन,
सम्पादक,
सान्ध्य टाइम्स,
7, बहादुरशाहजफर मार्ग,
नई दिल्ली।

15. श्री धर्मवीर भारती,
सम्पादक,
टाइम्स आफ इण्डिया,
टाइम्स आफ इण्डिया भवन,
बम्बई।

16. श्री एम० के० वेलायुधन नायर,
मंत्री,
केरल हिन्दी प्रचार सभा,
तिरुवनन्तपुरम–695014.

17. डा० वीरेन्द्र कुमार दुबे,
1595, नेपियर टाउन,
जबलपुर।

18. श्री आर० पी० पाण्डेय,
उपाध्यक्ष,
उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग,
33/2, स्टेनली रोड,
इलाहाबाद।

19. श्री युगल किशोर चतुर्वेदी,
कार्यकारी अध्यक्ष,
राजस्थान साहित्य सम्मेलन,
प्रियम्बदा सदन,
अशोक मार्ग, "सी" स्कीम,
जयपुर (राजस्थान)

सरकारी सदस्य

(क) औद्योगिक विकास विभाग

20. सचिव
21. अपर सचिव
22. अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
23. आर्थिक सलाहकार
24. विकास आयुक्त (लघु उद्योग)
25. सचिव, (तकनीकी विकास) एवं तकनीकी विकास के महानिदेशक
26. अध्यक्ष, औद्योगिक लागत तथा मूल्य ब्यूरो
27. विकास आयुक्त (कोयला उद्योग)
28. संयुक्त सचिव, (प्रशासन)
29. संयुक्त सचिव (औद्योगिक स्वीकृति सचिवालय)
30. संयुक्त सचिव (सामान्य प्रशासन)
31. संयुक्त सचिव (प्रभारी हिन्दी)—सदस्य सचिव

(ख) कम्पनी कार्य विभाग

32. सचिव
33. संयुक्त सचिव (प्रशासन)
34. संयुक्त सचिव (प्रभारी हिन्दी)

(ग) सार्वजनिक उद्यम विभाग

35. सचिव
36. संयुक्त सचिव (प्रशासन)
37. संयुक्त सचिव (प्रभारी हिन्दी)

(घ) रसायन एवं पेट्रो-रसायन विभाग

38. सचिव

39. संयुक्त सचिव (प्रशासन)

40. संयुक्त सचिव (प्रभारी हिन्दी)

41. सचिव, राजभाषा विभाग एवं भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार

42. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग

2. कार्य :

इस समिति का कार्य उद्योग मंत्रालय को सरकारी काम में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित विषयों तथा गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा निर्धारित नीति के कार्यान्वयन के बारे में सलाह देना होगा।

3. कार्य-काल:

समिति का कार्यकाल उसके गठन की तारीख से तीन वर्षों का होगा बशर्ते कि :—

(क) कोई भी सदस्य, जो संसद सदस्य है, संसद का सदस्य न रहते ही इस समिति का सदस्य भी नहीं रहेगा।

(ख) समिति के पदेन-सदस्य उस समय तक सदस्य बने रहेंगे जब तक वे अपने उन पदों पर हैं जिनके कारण वे समिति के सदस्य हैं।

(ग) यदि किसी सदस्य के त्यागपत्र देने, मृत्यु आदि के कारण समिति में कोई स्थान रिक्त होता है तो उसी स्थान पर नियुक्त किया गया सदस्य तीन वर्षों की शेष अवधि के लिए सदस्य रहेगा।

4. सामान्य :

(1) समिति आवश्यक समझे जाने पर अतिरिक्त सदस्य को सहयोजित कर सकती है और अपनी बैठकों में भाग लेने के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सकती है अथवा उप-समितियां नियुक्त कर सकती है।

(2) समिति का प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में होगा किन्तु समिति अपनी बैठकें किसी अन्य स्थान में भी कर सकती है।

5. यात्रा-भत्ता तथा अन्य भत्ते :

गैर-सरकारी सदस्य को समिति तथा उप-समितियों की बैठकों में समय-समय पर भाग लेने के लिए सरकार द्वारा निश्चित दरों पर, यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता दिया जायेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, प्रधानमंत्री सचिवालय, मंत्रिमंडल, सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, वाणिज्य, निर्माण तथा विविध और भारत के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया गया कि इस संकल्प को जन साधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित कराया जाए।

बीरेन्द्र कुमार चानना, संयुक्त सचिव

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 7 नवम्बर 1985

संकल्प

सं० 48/(8)81-भेड़—भारत सरकार ने इस मंत्रालय के दिनांक 28 सितम्बर, 1985 के संकल्प सं० 48(8)/81-भेड़ का अधिक्रमण करते हुए, तत्काल से केन्द्रीय भेड़ विकास सलाहकार परिषद को तीन वर्षों की अवधि के लिए पुनर्गठित करने का निर्णय लिया है।

परिषद का गठन निम्नलिखित प्रकार से होगा :

1. अध्यक्ष — कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री

2. उपाध्यक्ष — कृषि राज्य मंत्री

3. सदस्य

संसद के प्रतिनिधि

(1) लोक सभा से दो सदस्य, और

(2) राज्य सभा से एक सदस्य

केन्द्रीय सरकार के प्रतिनिधि

(1) सचिव, कृषि और सहकारिता विभाग

(2) सचिव, ग्रामीण विकास विभाग

(3) अपर सचिव प्रभारी, पशु पालन प्रभाग

(4) पशुपालन आयुक्त

(5) उप वन महानिरीक्षक, पर्यावरण, वन तथा वन्य जीव विभाग

(6) योजना आयोग का एक प्रतिनिधि

(7) वाणिज्य मंत्रालय (सूती वस्त्र विभाग) का एक प्रतिनिधि

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का प्रतिनिधि

(1) उप महानिदेशक, पशु विज्ञान

राज्य सरकारों के प्रतिनिधि

(1) निदेशक भेड़ पालन, जम्मू एवं कश्मीर श्रीनगर/जम्मू

(2) निदेशक, पशु पालन, हिमाचल प्रदेश, शिमला।

(3) निदेशक, भेड़ एवं ऊन, राजस्थान, जयपुर।

(4) निदेशक, पशु पालन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

(5) निदेशक, पशु पालन, कर्नाटक, बंगलौर

(6) निदेशक, पशु पालन, आन्ध्र प्रदेश, हैदराबाद

(7) निदेशक, पशु पालन, हरियाणा, चण्डीगढ़

(8) निदेशक, पशु पालन, तमिलनाडु मद्रास

(9) प्रबन्ध निदेशक, गुजरात भेड़ एवं ऊन विकास निगम, अहमदाबाद

(10) प्रबन्ध निदेशक, महाराष्ट्र भेड़ एवं ऊन विकास निगम, पुणे।

(11) प्रबन्ध निदेशक, जम्मू एवं कश्मीर भेड़ विकास उत्पाद, श्रीनगर।

खादी ग्रामोद्योग आयोग का प्रतिनिधि

ऊन संसाधकों का प्रतिनिधि

अखिल भारतीय हथकरघा का एक प्रतिनिधि

व्यापार का प्रतिनिधि

(1) भारतीय ऊन मिल संघ का एक प्रतिनिधि

(2) अखिल भारतीय ऊन व्यापार संघ का एक प्रतिनिधि

किसानों के हित का प्रतिनिधित्व करने वाले गैर सरकारी प्रतिनिधि

(1) श्री करसन भाई पुरोहित, बी० ए० एल० एल० बी, डाकघर जसदान जिला राजकोट (गुजरात)

(2) श्री हरी कुमार चौहान, 21/83, धुलियागंज, आगरा : 282003

(3) श्री रामजी लाल नेगी, ग्राम एवं डाकघर असरंग, तहसील मूरंग, जिला किन्नौर (हि० प्र०)

(4) श्री बल्ला राम देवासी, एडवोकेट, अध्यक्ष, राजस्थान पशु पालन संघ, जालोर (राजस्थान)

(5) श्री सुजाना राम रबारी, एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान पशु पालक संघ, जालोर

सदस्य सचिव संयुक्त आयुक्त (भेड़)

इसके अलावा, भारत सरकार समय-समय पर अतिरिक्त सदस्य नामित कर सकती है।

परिषद एक सलाहकारी निकाय के रूप में होगी और इसके निम्नलिखित कार्य होंगे :—

(1) केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा तैयार किए गए भेड़, बकरी खरगोश विकास कार्यक्रमों पर समय समय पर विचार करना;

(2) भेड़, बकरी तथा खरगोश विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करना तथा जहां आवश्यकता हो, गति जानने के लिए उपाय सुझाना;

(3) ऊन वर्गीकरण, परिसंस्करण तथा इसके उपयोग संबंधी समस्याओं पर विचार करना;

(4) भेड़ बकरी, खरगोश तथा उनके उत्पादों के विपणन की समस्याओं पर विचार करना;

(5) भेड़, बकरी खरगोश तथा उनके उत्पादों के आयात/निर्यात संबंधी नीतियों पर विचार करना, तथा

(6) परिषद् को समय-समय पर सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

अध्यक्ष द्वारा निर्धारित समय तथा स्थान पर परिषद की सावधिक बैठक होगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य प्रशासनों और भारत सरकार के मंत्रालयों के विभागों, योजना आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधान मंत्री सचिवालय, लोक सभा सचिवालय और राज्य सभा सचिवालय को भेज दी जाए।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सामान्य जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए।

बी० एस० सराव, अपर सचिव

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 नवम्बर 1985

संकल्प

सं० ई-11015/1/85-हिन्दी—सूचना और प्रसारण मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के पुनर्गठन से संबंधित इस मंत्रालय के दिनांक 9-9-1985 के संकल्प सं० ई-11015/1/85-हिन्दी में, पैरा 2 को क्रम सं० 20 के सम्मुख प्रविष्टियों को इस प्रकार पढ़ा जाए :—

"श्री म० सुब्रमणियन,
प्रधान,
केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद,
नई दिल्ली।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक एक प्रति सभी राज्य सरकारों, और संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री का कार्यालय, मंत्रिमण्डल सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, नियंत्रक और महालेखाकार परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व और लेखा महानियंत्रक को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

विजेन्द्र सिंह जाफा,
संयुक्त सचिव।

संसदीय कार्य और पर्यटन मंत्रालय

(संसदीय कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 21 नवम्बर 1985

संकल्प

विषय :— सभी अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलनों द्वारा की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की जांच करने के लिए कार्यकारी दल का पुनर्गठन

सं० फा० 2(7)/83-अनु और सम्मे—अक्तूबर, 1983 में हुए नौवें अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलन द्वारा सर्वसम्मति से पारित संकल्प के अनुसरण में अभी तक हुए सभी अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलनों की सिफारिशों की जांच एवं समीक्षा करने और उन्हें कार्यान्वित करने हेतु प्रशासनिक और विधायी उपायों का सुझाव देने के लिए 7 मई, 1984 को एक कार्यकारी दल का गठन किया गया था।

अब इस कार्यकारी दल का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया है।

2. पुनर्गठित कार्यकारी दल के सदस्य निम्नलिखित होंगे :—

1. श्री एच० के० एल० भगत, केन्द्रीय संसदीय कार्य और पर्यटन मंत्री (अध्यक्ष)
2. श्री गुलाम नबी आजाद, संसदीय कार्य राज्य मंत्री (उपाध्यक्ष)
3. श्री सीताराम केसरी, संसदीय कार्य राज्य मंत्री (उपाध्यक्ष)

संसद में दलों/ग्रुपों के प्रतिनिधि

4. श्री वी० सोमनाद्रीश्वर राव, संसद सदस्य (तेलगु देशम)
5. श्री अमल दत्त, संसद सदस्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
6. श्री वी० एस० कृष्णा अय्यर, संसद सदस्य जनता
7. श्री विजय कुमार यादव, संसद सदस्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
8. श्री वी० किशोर चन्द्र एस० देव, संसद सदस्य कांग्रेस (एस०)

9. श्री हरि कृष्ण शास्त्री, संसद सदस्य	कांग्रेस (आई)
10. श्री सरताज सिंह, संसद सदस्य	कांग्रेस (आई)
11. श्री राम नरेश कुशवाहा, संसद सदस्य	लोक दल
12 श्री अश्विनी कुमार, संसद सदस्य	भारतीय जनता पार्टी

राज्यों के प्रतिनिधि :

13. श्री के० वी० नारायण राव, सरकारी मुख्य सचेतक	आन्ध्र प्रदेश
14. श्री थीरु नुराई गोविन्दराजन, सरकारी मुख्य सचेतक	तमिलनाडु
15. श्री पतित पावन पाठक, सरकारी मुख्य सचेतक तथा गृह (संसदीय कार्य) विभाग के कार्यभारी राज्य मंत्री	पश्चिम बंगाल
16. श्री राम किशोर शुक्ल, वित्त एवं विधि मंत्री	मध्य प्रदेश
17. श्री राजवर्धन, सरकारी मुख्य सचेतक	कर्नाटक
18. श्री बुलाकीदास कल्ला, सरकारी मुख्य सचेतक	राजस्थान
19. श्री भीष्म प्रसाद यादव, सरकारी मुख्य सचेतक	बिहार
20. श्री सक मतलब अली, सरकारी मुख्य सचेतक	उड़ीसा
21. श्री हुक्म सिंह, संसदीय कार्य, पशुपालन, खाद्य एवं नागरिक पूर्ति मंत्री	उत्तर प्रदेश
22. श्री एन० एम० लिडके, सहकारिता, श्रम एवं विधायी कार्य मंत्री तथा सरकारी मुख्य सचेतक	महाराष्ट्र
23. डा० के० सी० जोसफ, सरकारी मुख्य सचेतक	केरल

3. पुनर्गठित कार्यकारी दल का विचारार्थ विषय अभी तक हुए सभी अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलनों की सिफारिशों की जांच एवं समीक्षा करना तथा उन्हें यथाशीघ्र कार्यान्वित करने के लिए उपर्युक्त प्रशासनिक और विधायी उपायों का सुझाव देना होगा ।

4. अध्यक्ष/कार्यकारी दल द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार, कार्यकारी दल अपने आप को विभिन्न अध्ययन दलों में विभाजित कर सकता है

5. कार्यकारी दल

(क) केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों और ऐसे प्राधिकरणों, संगठनों अथवा व्यक्तियों से जो कार्यकारी दल के विचार में उनके लिए सहायक हो, ऐसी जानकारी, जिसे वह अपने कार्य के लिए आवश्यक अथवा संगत समझे, ऐसे फार्म में और इस प्रकार प्राप्त कर सकता है, जिस प्रकार वह उपयुक्त समझे ।

(ख) अपनी बैठकें अथवा ऐसे अध्ययन दलों की बैठकें जो कि वे अपने सदस्यों में से नियुक्त करेंगे, ऐसे समय और स्थान पर कर सकेगी जो कि अध्यक्ष द्वारा अथवा उसके अधिकार के अधीन नियत किये गये हों ।

(ग) किसी भी व्यक्ति को जिसे वह आवश्यक समझे अपने सदस्य के रूप में सहयोजित कर सकता है ।

6. इस कार्यकारी दल का मुख्य कार्यालय दिल्ली में होगा ।

7. कार्यकारी दल और उसके अध्ययन दलों को सचिवालय सहायता केन्द्रीय संसदीय कार्य विभाग, संसदीय कार्य तथा पर्यटन मंत्रालय प्रदान करेगा तथा संसदीय कार्य विभाग, संसदीय कार्य तथा पर्यटन मंत्रालय के सचिव कार्यकारी दल के सचिव होंगे ।

8. कार्यकारी दल अपने प्रतिवेदन को यथाशीघ्र, श्रेयकर, अपनी पहली बैठक की तारीख से छः महीने की अवधि के भीतर, अन्तिम रूप देने का प्रयत्न करेगा

ईश्वरी प्रसाद, सचिव

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 7 नवम्बर 1985

सं० क्यू०-16011/7/85-डब्ल्यू०ई०—इस मंत्रालय की अधिसूचना सं० क्यू०-16011/7/85 डब्ल्यू०ई०, दिनांक 16 सितम्बर, 1985 में "इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से" शब्दों के स्थान पर "19 अगस्त, 1985 से" शब्द और अंक प्रतिस्थापित किए जाए।

सं० क्यू०-16011/7/85 डब्ल्यू०ई०—इस मंत्रालय की अधिसूचना संख्या क्यू-16011/7/85-डब्ल्यू०ई०, दिनांक 11 अक्तूबर, 1985 में

"16 सितम्बर, 1985 से" शब्दों और अंकों के स्थान पर

"19 अगस्त, 1985 से" शब्द और अंक प्रतिस्थापित किए जाएं।

चिला चोपड़ा, निदेशक

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 25th November 1985

No. 120-Pres/85.—The President is pleased to award Bar to the President's Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Uttar Pradesh Police :—

Name and rank of the officer

Shri Ajai Raj Sharma,
Senior Superintendent of Police,
Agra.

Statement of services for which the decoration has been awarded

